राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

मीडिया द्वारा कोरोना जागरूकता के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की

राज्यपाल ने कोरोना से बचाव के लिए सजग, सतर्क रहने की अपील की

जयपुर, 24 नवम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने कोरोना के बढ़ते प्रकोप पर गहरी चिंता जताते हुए प्रदेश के लोगों से सजग रहते सतर्कता बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह कोरोना का पीक दौर है, इसलिए आम जन से उनका व्यक्तिशः विनम्र अनुरोध है कि वे कोरोना से बचाव के जारी सरकार के दिशा निर्देशों की पालना करे। उन्होंने घरों से बाहर निकलते समय सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने, मास्क लगाने को आदत बनाने तथा स्वच्छता को सभी स्तरों पर अपनाने पर जोर दिया है।

श्री मिश्र ने अपनी अपील में वैवाहिक समारोहों तथा सार्वजनिक आयोजनों में अधिक भीड़ एकत्र न करने की भी अपील की है। उन्होंने कहा कि जब तक कोरोना से बचने की कोई दवा नहीं आ जाती, तब तक संक्रमण से सावधान रहना ही बचाव का बड़ा उपाय है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा कोरोना से बचाव के लिए जो उपाय किये जा रहे हैं, उनकी सफलता भी आम जन की सक्रिय भागीदारी से ही संभव है। उन्होंने आम जन को संक्रमण से बचाव के लिए अपने स्तर पर आचार संहिता बनाकर उसकी स्वयं और दूसरों को भी पालना करवाने का आह्वान किया है।

उल्लेखनीय है कि राज्यपाल श्री कलराज मिश्र कोरोना महामारी से बचाव के लिए राज्य में किये जा रहे प्रयासों पर निरंतर निगरानी रख रहे हैं। अपने स्तर पर उन्होंने मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव और चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से व्यक्तिशः संवाद कर आम जन को संक्रमण से बचाव और कोरोना संक्रमित लोगों के समुचित उपचार की व्यवस्थाएं करने के लिए भी निरन्तर निर्देश दिए हैं।

———

राज्यपाल श्री मिश्र होगें मुख्य अतिथि

श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह बुधवार को

जयपुर, 24 नवम्बर। जोबनेर स्थित श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय का तीसरा दीक्षांत समारोह बुधवार को दोपहर 12.30 बजे राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री कलराज मिश्र के मुख्य आतिथ्य में ऑनलाइन आयोजित किया जाएगा।

———